5-JULAY- Jash-Bhoomi pg-1_Layout 1 7/5/2024 7:47 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 28.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शनिवार 6 जुलाई 2024

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4
पहाड़ी कोरवाओं के लिए शिविर का आयोजन



## खबर संक्षेप

### सन्ना में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला



**जशपुरनगर**। छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राज्य के सभी महाविद्यालय में सत्र 2024- 25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की जारी रही है। जशपुर जिले के सभी महाविद्यालयों मे कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 5 जुलाई को शासकीय नवीन महाविद्यालय, सन्ना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के मास्टर ट्रेनर डॉ.अमरेन्द्र ,राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख बिंदुओ ,महत्व, आंतरिक मूल्यांकन प्रणाली, सेमेस्टर सिस्टम,मल्टीप्ल एंट्री एवं मल्टीप्ल एग्जिट सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक लक्ष्मण कुमार प्रजापति, धीरेंद्र कुमार साय, रवि शंकर बैगा, शैलेंद्र कुमार पैंकरा, श्रीमती अमीना कुजूर, विजेंद्र भगत, तुषार कुमार साव एवं सहायक ग्रेड 3 संजय कुमार मिरी उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को मिला आश्वासन जल्द होंगी समस्या दूर



**जशपुरनगर**। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विधानसभा क्षेत्र का लगातार जायजा ले रहे कुमार विजय आदित्य सिंह जूदेव फरसाबाहर क्षेत्र के अबीरा गांव पहुंचे जहां उन्होंने ग्रामीण जनता की समस्याओं को सुना और उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया की जिन समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया है उसको जल्द ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को अवगत कराकर निराकरण किया जायेगा। कुमार विजय आदित्य सिंह जूदेव ने बताया कि ग्रामीण जनता ने अपनी समस्याओं के संबंध में मुझे बताया है, कि अबीरा गांव के लोगों की मांग है कि उनके गांव की जर्जर सड़क को जल्द बनाए जाने की मांग की है। गांव के लोगों को पीडीएस के चावल लेने के लिए कई किलोमीटर की सफर तय करना पड़ता जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि गांव के लोंगो ने वहां मंदिर निर्माण के साथ, गांव के लोगों की छोटी छोटी समस्याओं को दूर करने की मांग की, जिसका समाधान जल्द ही दूर किया जायेगा। इन समस्याओं से माननीय मुख्यमंत्री को अवगत करा कर जल्द किया जाएगा।

### गर्भवती महिला की हत्या

**अम्बिकापुर**। त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम पलगी में एक गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत का मामला सामने आया है। गर्भवती महिला की लाश उसके घर के बाहर खून से लथपथ अवस्था में बरामद की गई है जबकि मृतका के बगल में उसका तीन वर्षीय पुत्र बेहोश पड़ा मिला। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच कर रही है। वहीं इस मामले में मृतिका के परिजन ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर विकासखंड अंतर्गत त्रिकुंडा के ग्राम पलगी निवासी रवि सोनी का विवाह वर्ष 2020 में सीमा सोनी से हुआ था। सीमा और रवि सोनी का तीन वर्षीय पुत्र हिमांशु सोनी है जबकि महिला गर्भवती है। बुधवार को मृतिका का पति रवि सोनी अपनी मां व छोटे भाई के साथ ग्राम बगरा गया हुआ था।

# मुख्यमंत्री से मिली साइकिल तो छात्राओं ने घंटी बजाकर जताया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के ग्राम बगिया में शुक्रवार को आयोजित राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए खुशियों भरा दिन रहा। एक ओर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के मुखिया व जशपुर के माटी पुत्र मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आयोजन में शामिल हुए। वही दूसरी तरफ शाला प्रवेशोत्सव में नव प्रवेशी बच्चों के अभिनंदन के साथ उन्हें उपहार देने के साथ ही मुख्यमंत्री श्री साय ने 9 वीं कक्षा में प्रवेशित छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया।

**बगिया में राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव**

छात्राओं ने साइकिल मिलने पर सामूहिक रूप से साइकिल की घंटी बजाकर अपनी खुशी जाहिर की। साथ ही मुख्यमंत्री श्री साय का आभार जताया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी छात्राओं को अच्छे से पढ़ाई कर बेहतर परिणाम के साथ अपने माता-पिता और बगिया सहित प्रदेश का नाम रोशन करने की बात कहते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी, रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद राधेश्याम राठिया, विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत, विधायक पत्थलगांव श्रीमती गोमती साय, विधायक आरंग गुरु खुशवंत साहेब, जिला पंचायत अध्यक्ष जशपुर श्रीमती शांति भगत, उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नवमी में प्रवेशित 30 छात्राओं को मुख्यमंत्री ने वितरित की साइकिलें



मुख्यमंत्री द्वारा आवंटित साइकिलें प्राप्त करने के बाद खुशी का इजहार करतीं छात्राएं।

### स्कूल आने जाने में होगी सहूलियत

साइकिल मिलने पर छात्राओं के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही है। छात्राओं का कहना है कि निःशुल्क साइकिल मिलने की उन्हें काफी खुशी है और अब उन्हें अपने स्कूल तक आने-जाने में सहूलियत होगी। वे जल्दी स्कूल पहुंच सकेंगी, जिससे उनके समय की बचत होगी, साथ ही पढ़ाई पर उनका फोकस और मजबूत होगा।

### संसाधनों के अभाव में पढ़ाई बीच में न छोड़े छात्राएं

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण योजना से छात्राओं को मुफ्त साइकिल प्रदान की जाती हैं। इस योजना के तहत शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाली कक्षा 9 वीं की छात्राओं को निशुल्क साइकिल प्रदान की जा रही है, ताकि संसाधनों के अभाव में और दूरी के कारण छात्राएं अपनी पढ़ाई बीच में ना छोड़े।

## अनमोल होता है मां के साथ रिश्ता : सीएम

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत साय ने मां के सम्मान में रोपा रुद्राक्ष का पौधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अपनी जन्मभूमि बगिया में अपनी माताजी के सम्मान में पौधरोपण किया। उन्होंने शासकीय हाईस्कूल बगिया परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपा। उन्होंने कहा कि इस अभियान अंतर्गत लगे पौधे जननी और जन्मभूमि के रिश्ते को एक नई पहचान देंगे।

- एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत लगाए जा रहे पौधे जननी और जन्मभूमि के रिश्ते को देंगी नई पहचान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल होने यहां पहुंचे थे। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय ने भी रुद्राक्ष का पौधा लगाया। वहीं प्रदेश के वित्त मंत्री और जशपुर जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने आंवले का पौधा लगाया।

## सभी से इस मुहिम में जुड़ने की अपील की



सपत्नीक मां के नाम रुद्राक्ष का पौधा रोपण करते मुख्यमंत्री विष्णु देव साय।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मां के साथ रिश्ता अनमोल होता है। जिस प्रकार मां हमे जीवन देती है, हमारा पालन पोषण करती है, वैसे ही प्रकृति भी हमारे लिए जीवनदायिनी है। इसकी सुरक्षा और संवर्धन हमारी जिम्मेदारी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई इस मुहिम से हम सभी को जुड़ते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान जरूर देना चाहिए। इस दौरान उन्होंने सभी से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड़ लगाने आग्रह किया। साथ ही सभी से पौधों का संरक्षण हेतु संकल्प लेने कहा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस मानसून में ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करें। अपने घर, आसपास के परिवेश, गांव और शहरों और जंगलों को खूब हरा-भरा बनाएं। इस अवसर पर रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद राधेश्याम राठिया, विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत, विधायक पत्थलगांव श्रीमती गोमती साय, विधायक आरंग गुरु खुशवंत साहेब सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



कुम्हार के चाक में दिया गढ़ते सीएम।

# ऐसे ही गढ़ेंगे विकसित छत्तीसगढ़ का रूप

**जशपुरनगर**। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज जशपुर जिले के ग्राम बगिया में आयोजित राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सपत्नीक शामिल हुए। यहां उन्होंने प्रवेशोत्सव पर आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया, इसी बीच स्टाल पर रखे चाक देखकर वह अपने आपको नहीं रोक पाए और उन्होंने कुम्हार की तरह मिट्टी से दीया बनाया।

शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम है और मुख्यमंत्री के सामने कुम्हार का चाक है और आसपास ढेर सारे बच्चे। मुख्यमंत्री विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के विजन पर काम कर रहे हैं। विकसित छत्तीसगढ़ को भी अपने विजन के अनुरूप आकार देना है जैसे चाक से दीया तैयार हो रहा है। बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर छत्तीसगढ़ में जितनी मेहनत और जतन किये जा रहे हैं उससे निश्चित ही स्वर्णिम भविष्य के लिए ठोस नींव रखी जा रही है। जिस तरह कुम्हार चाक में मिट्टी को आकार देता है, उसी तरह से जन-जन के सपनों के छत्तीसगढ़ को भी आकार मिलेगा।

## एक आरोपी पकड़ाया बाकी भाग निकले

# लाखों रुपए की सागौन सहित पिकअप जब्त

**पत्थलगांव**। छिनबहरी जंगल से पिकप में भरकर लाखों रूपए की लकड़ी ले जा रहे एक आरोपी को वन विभाग पकड़ने में काम्याब रहा। शेष आरोपी भाग निकलने में सफल रहे। पकड़े गए पिकप की जब्त के साथ आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

छिनबहरी जंगल में सागौन का प्लांटेशन किया गया है। यहां हमेशा से लकड़ी तस्करों की नजर रही है। समय-समय पर लकड़ी तस्कर वन विभाग को चकमा देकर लकड़ी ले जाने में भी कामयाब होते रहे हैं। दूसरी ओर गुरूवार को वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली,कि कुछ लोग छिनबहरी जंगल में लकड़ी काटकर तस्करी करने की फिराक में हैं। इस सूचना के बाद वन विभाग लकड़ी तस्करों को दबोचने की योजना बनाई। इस बीच लकड़ी तस्कर लकड़ी को काटकर पिकअप में भरकर ले जाने की तैयारी में थे। पत्थलगांव रेंजर कृपा सिंधु पैंकरा अपनी टीम के साथ तत्काल दबिश देते हुए सागौन लकड़ी से लदी पिकअप को पकड़ा। पिकअप में बैठे एक आरोपी पकड़ में आया।



जब्त पिकअप व वन अमला के साथ आरोपी।

### लकड़ी तस्कारों को किसी भी कीमत में बख्शा नहीं जाएगा

पत्थलगांव वन विभाग के रेंजर कृपा सिंधु ने कहा कि लकड़ी तस्करों को किसी भी कीमत में नहीं बक्शा जाएगा यदि आसपास जंगलों में किसी के द्वारा कटाई की जा रही हो तो इसकी सूचना वन विभाग को दे सकते हैं नाम गोपनीय रखा जाएगा।

शेष आरोपी भागने में सफल रहे। पकड़े गए आरोपी का नाम उमेश महंत पिता धीरजा दास महंत पाकरगांव निवासी बताया गया है। पिकअप को राजसात की कार्रवाई की जा रही है।

साथ ही जब्त लकड़ी सहित वन विभाग के भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52(3) धारा 26 (1)डं छत्तीसगढ़ वन उपज अधिनियम 1969 की धारा 5(1)ग के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### डीएफओ ने किया तीन वनरक्षकों को बर्खास्त

**जशपुरनगर**। लगातार समझाईस के बावजूद अपने आचरण व कार्य प्रणाली में सुधार नहीं लाने व सुधार की कोशिश भी किए जाने पर कई गंभीर मामलों में डीएफओ ने तीन वन रक्षकों को सेवा से बर्खास्त करने की बड़ी कार्रवाई की है। तीनों वन रक्षकों के विरुद्ध गंभीर शिकायतें थी। जशपुर वनमंडलाधिकारी जितेंद्र उपाध्याय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय में अटैच वन रक्षक राजू राजवाड़े, सुनील कुमार खेस और कांसाबेल में पदस्थ वन रक्षक सुरेंद्र चौहान के विरुद्ध कार्य में लापरवाही बरतने सहित गंभीर शिकायत निरंतर प्राप्त हो रही थी। इनके विरुद्ध लंबे समय से अनुपस्थित रहने की गंभीर शिकायतें निरंतर मिल रही थी। उक्त शिकायत पर कई बार समझाईस दिए जाने के बावजूद सुधार नहीं होने पर तीनों वन रक्षकों की सेवा समाप्त कर बर्खास्त कर दिया गया है।

- गंभीर मामलों में की गई कार्रवाई

# निगरानी बदमाश संजीव गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मवेशी तस्कर व निगरानी बदमाश संजीव सिंह ऊर्फ संजू को कांसाबेल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपराध करना स्वीकार करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

एसपी शशि मोहन सिंह द्वारा मवेशी तस्करों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा निरंतर पशु तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। साथ ही मवेशियों को तस्करी होने से बचाया जा रहा है। तस्करी में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ निरंतर गिरफ्तार की कार्रवाई करते जेल भेजा जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 2 जुलाई को पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह की विशेष पुलिस टीम ने थाना कांसाबेल क्षेत्र के ग्राम सिहारबुड़ में रविन्द्र नायक निवासी सिहारबुड़ एवं छोटू राम निवासी चरईडांड़ को 23 रास मवेषियों को पैदल क्रूरतापूर्वक मारते-पीटते हुये झारखंड प्रांत की ओर ले जाते हुये पाये जाने पर उनसे मवेषियों को जप्त कर उन दोनों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। रविन्द्र नायक एवं छोटू राम ने उक्त 23 रास मवेशियों को संजू सिंह का होना बताया। प्रकरण का मुख्य सरगना संजीव सिंह उर्फ संजू पुलिस को देखकर अपने बोलेरो वाहन सहित फरार हो गया था। विवेचना दौरान मुखबिर से सूचना मिली, कि संजीव सिंह उर्फ संजू थाना कांसाबेल क्षेत्र में अपने बोलेरो वाहन में घूम रहा है। इस सूचना पर उप पुलिस अधीक्षक विजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। टीम ने सड़क पर घूम रहे संजीव सिंह को दबिष देकर अभिरक्षा में लिया गया एवं उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन को जब्त किया गया। पूछताछ में संजीव सिंह ने मवेशियों को अपना होना बताया एवं रविन्द्र नायक एवं छोटू राम को हांकने हेतु लगाया था। आरोपी संजीव कुमार सिंह उर्फ संजू उम्र 37 साल निवासी कुनकुरी (डुगडुगिया) के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उसे 5 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं संजीव सिंह की गिरफ्तारी में उप पुलिस अधीक्षक विजय सिंह राजपूत, नीता कुर्रे, राजेश यादव, सुदीप एक्का, जोगेन्द्र एवं अन्य स्टाफ का योगदान रहा है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## रात होते ही बस्तियों की ओर रूख करते है हाथी


# हाथियों के आतंक से नारायणपुर क्षेत्र में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पिछले एक महीने से नारायणपुर क्षेत्र के आसपास के ग्रामीणों की रात की नींद और दिन का चैन छीन गया है। शाम के वक्त ग्रामीणों के खेतों में जंगली हाथियों का झुंड दिखाई देता है। जैसे जैसे शाम ढलती है और अंधेरा बढ़ता है ग्रामीणों की दिल की धड़कन बढ़ने लगती है। कौन जाने किधर से हाथियों का झुंड गांव में आ जाए।

- डर से आस पास के ग्रामीण रतजगा करने को हुए मजबूर

ग्रामीणों का कहना है, कि मंगलवार को हाथियों का समूह चराईमारा के जंगलों से निकलकर रानीकोंबो गांव के पास खेतों में रात 9 बजे के आसपास घूमते हुए देखे गए है। मुस्किल तो तब हो गई जब हाथियों का समूह सारंगडांड बस्ती ⏭ शेष पेज 4 पर



खेतों में लगे फसल को रौंदते हाथी।

### कुनकुरी वन परिक्षेत्र में क्यों है जंगली हाथियों का डेरा

कुनकुरी वनपरिक्षेत्र में बहने वालीं ईब नदी के दोनो तरफ हाथियों ने डेरा डाला हुआ है। नदी के एक तरफ चराईमरा जंगल है तो दूसरी ओर गीधाबहार जंगल है। क्षेत्र के ग्रामीणों की माने तो चराईमारा के जंगलों मे 8 हाथियों के दल को देखने को बात कही गई है। वैसे ही गीधबहार के जंगलों में ग्रामीणों ने 4 हाथियों के दल को देखने की बात कही है। इस तरह नारायणपुर वन सर्किल में दर्जनों हाथियों का आतंक बना हुआ है।

### आधा दर्जन से ज्यादा गांवो में हाथियों का भय

क्षेत्र में हाथियों की उपस्थिति से नारायणपुर आसपास के गांव बनकोंबों, रानीकोबों, सारंगडांड, चराईमार, चारभठी, बरडांड आदि जैसे आसपास के छेत्रों के ग्रामीण रातों को सो नही पा रहे है। बरसात की रातों में रात्रि जागरण करके हाथियों को गांव में घुसाने से रोकने की कोशिश से ग्रामीणों का जीवन बहुत ही कष्टमई हो गया है। खेती का समय है ग्रामीण खेती की तैयारी करें या रातभर जागकर हाथियों से अपनी और अपने परिवार की रक्षा करें।

### वन विभाग से सहयोग नहीं

जंगली हाथियों की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने विभाग से नाराजगी दिखाते हुए बताया की कभी भी वन विभाग कोई कर्मचारी न तो हाथियों की जानकारी देता हैं न ही मुनादी कराई जाती है, आओ न ही हाथियों के बस्ती में आने पर हाथियों को बस्ती से भागने में किसी भी तरह का सहयोग किया जाता है।

# संत जेवियर्स स्कूल में पौधरोपण



पौधरोपण करते छात्र छात्राएं।

**जशपुरनगर**। संत जेवियर्स स्कूल शांति भवन में शुक्रवार को पौधरोपण का आयोजन किया गया। इसका मूल उद्येश्य पर्यावरण को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था। पहला पेड़ विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अलेक्स लकड़ा ने लगाया, साथ ही मिसेस उल्पी वर्मा, सिस्टर वंदना तिर्की, भास्कर मिश्रा के साथ सभी टीचर्स और 11वीं - 12वीं के विद्यार्थियों ने स्कूल के पार्क में पेड़ लगाया। इस अवसर पर सीनियर शिक्षक भास्कर मिश्रा ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा,कि पौधरोपण पर्यावरण के लिए कैसे फायदेमंद साबित हो सकता है। उनके वक्तव्य में ऐसे तथ्य शामिल थे जैसे कि पेड़ों की वजह से मनुष्य को पर्याप्त ऑक्सीजन मिलती है और कैसे पेड़ों को बेरहमी से काटने से पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सलाह दी कि अगर आने वाली पीढ़ियां धरती माँ के संसाधनों और सुविधाओं का आनंद लेना चाहती हैं।

## खबर संक्षेप



### विधायक ने सर्वाधिक अंक से उत्तीर्ण छात्रों को किया सम्मानित

**कुसमी।** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा में वर्ष 23-24 की 10वीं,12वीं की परीक्षा में सर्वाधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले छात्र, छात्राओं सहित अभिभावक को सम्मानित किया। विधायक उद्धेश्वरी पैकरा द्वारा नव प्रवेश शाला उत्सव के अवसर पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा में वर्ष 2023-24 शिक्षा सत्र में विद्यालय के कुमारी श्रेया वर्मा पिता मनोज वर्मा माता निर्मला वर्मा को 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 96.16 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होने तथा विद्यालय के अन्य छात्रों को 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया।

### लापता दो छात्रों के इंदौर में होने की मिली जानकारी

**बिश्रामपुर।** मार्निंग वॉक पर निकले दो छात्रों के अचानक लापता हो जाने के चार दिन गुजरने पश्चात उनके इंदौर में होने की सूचना प्राप्त हुई है।सूचना मिलने पर माइनर्स कॉलोनी निवासी परिजन ने सुकून की सांस ली है। जानकारी के अनुसार परिजन अब उन्हें लेने के लिए इंदौर रवाना हो गए हैं। गौरतलब है कि नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित स्वामी विवेकानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत दो किशोर क्रमशः सौरभ महाराणा आ. संतोष महाराणा 13 वर्ष व रोहित गुप्ता आ. नरेश गुप्ता 15 वर्ष एक जुलाई को प्रातः करीब चार बजे घर से प्रतिदिन की भांति मार्निंग वॉक पर स्टेडीयम जाने के लिए अपने घर से निकले थे। मार्निंग वॉक से दोनों बच्चे जब वापस घंटों बाद तक नहीं लौटे तब परिजन द्वारा उनकी तलाश शुरू की गई और मामले की सूचना बिश्रामपुर पुलिस को दी गई। पुलिस ने सूचना पर अपहरण का मामला दर्ज कर बच्चों की तलाश के लिए स्कूल प्रबंधन सहित रिश्तेदारों व उनके स्कूली मित्रों से पूछताछ की, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका था। मित्रों से पूछताछ में पुलिस को यह जानकारी मिली थी कि दोनों बच्चे जगन्नाथपुरी जाने की बात कर रहे थे तथा उनके पास 900 रुपए भी होने की जानकारी मिली है जिसके आधार पर पुलिस उनके घर के आसपास रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड की सीसी टीवी फुटेज खंगालने में जुटी थी। एक सीसीटीवी फुटेज में सुबह क़रीब साढ़े चार बजे दोनों छात्र बैग टांगकर पैदल भटगांव रोड जाते देखे गए थे।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**बिहारपुर।** चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम बेगारीडांड में करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। बेगारीडांड निवासी चंदर साय (30वर्ष) गुरूवार को अपने खेत की सिंचाई करने गया था। वह मोटर पंप के बिजली तार को दूरूस्त कर रहा था। इस दौरान करंट की चपेट में आने के कारण वह अचेत होकर गिर पड़ा। सूचना पर परिजन तत्काल उसे स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की करंट से मौत होने से परिवार के सदस्य सदमें में हैं।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** पिकअप की टक्कर व बाइक से गिरने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम भुलसी कला निवासी राजेश प्रजापति आ. पलाम प्रजापति (24 वर्ष) शहर में रहकर ऑटो चलाने का काम करता था। मंगलवार को ऑटो से नया बस स्टैंड जा रहा था और जैसे ही बस स्टैंड चौराहा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम भस्हा मुडा निवासी इन्द्रासो बाई पति स्व. नवल साय (65 वर्ष) 6 जून को पोता रवि सिंह के साथ बाइक से रूपए निकालने सूरजपुर बैंक आई थी। रुपए निकालने के बाद जब वापस घर लौटने लगे तभी सड़क पर कुत्ता से टकरा जाने से गिर गए। दुर्घटना में इन्द्रासो सिर में चोट लगने गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन घायल को बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्धा को मेडिलक कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। वृद्धा को मेडिकल कॉलेज अस्पताल से रायपुर रेफर कर दिया गया। परिजन गत दिन रायपुर से छुट्टी कराकर घर लेकर आ रहे थे तभी रास्ते में वृद्धा की तबीयत बिगड़ गई। परिजन वृद्धा को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### ग्रामीण के आंगन में खड़ी बाइक को ले गए चोर

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के कंदरई देवल्लापारा मोहल्ला निवासी अमर देव पिता हंकार सिंह के आंगन में खड़ी की गई बाइक सुपर स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 29 ए एफ 8954 को अज्ञात चोर ने पार कर दिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।घटना दो दिन पहले 2 जुलाई की बताई गई है।

## एनएच 130 पर अलकापुरी में हुई घटना, अन्नप्रासन में टेंट लगाकर लौट रहे थे दोनों युवक

# हाइवा की टक्कर में जनपद अध्यक्ष के पुत्र समेत दो युवकों की मौत



घटना स्थल पर लोगों की भीड़, इनसेट में मृतक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर/डांड़गांव

एनएच 130 पर अलकापुरी डेंजर जोन में तब्दील हो गया है। आए दिन लोग एनएच पर दुर्घटना के शिकार हो रहे है।

**खास बात**
- ओवरटेक करने के चक्कर में हुई घटना

बीती रात पुनः एनएच पर एक तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आकर जनपद अध्यक्ष के पुत्र समेत दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद युवकों की बाइक हाइवा के नीचे फंस गई। इस दुर्घटना में सिर पर गंभीर चोट आने से दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को अस्पताल भेजा गया। वहीं आज सुबह शवों का पीएम करने के बाद उन्हें परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। मृतक टेंट पंडाल का काम करते थे और बीती रात भी टेंट लगाकर अपने गांव वापस लौट रहे थे।

बता दें कि उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी के जगन्नाथपुर निवासी 32 वर्षीय आशीष पैकरा समाजसेवी गंगाराम पैकरा व जनपद अध्यक्ष लखनपुर मोनिका सिंह के पुत्र थे। आशीष खुद का टेंट का व्यवसाय भी करते थे। बुधवार की रात आशीष अपने साथी 30 वर्षीय सेवक राम के साथ अन्नप्रासन कार्यक्रम में टेंट लगाने लखनपुर गए थे और टेंट का काम करने के बाद बाइक क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 6727 से वापस उदयपुर लौट रहे थे। रात लगभग 9 बजे अलकापुरी पेट्रोल पंप के समीप उन्होंने एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया इसी दौरान उदयपुर से अंबिकापुर की ओर जा रहे हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 15 डीपी 2499 से युवकों की टक्कर हो गई। दुर्घटना में सिर कुचलने से आशीष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सेवक राम राजवाड़े भी सड़क पर जाकर गिरा और रगड़ खाकर सिर में लगी चोट के कारण उसकी भी मौत गई। घटना के बाद युवकों की बाइक हाइवा के नीचे फंसी थी जिसे वाहन चालक 50 मीटर तक घसीटते ले गया। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को अस्पताल भेजने के साथ ही वाहनों को जब्त किया गया।

### आज सुबह हुई शिनाख्त

देर रात हुई घटना के बाद मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। आज सुबह पुलिस ने बाइक के नंबर के आधार पर मृतक की पहचान कर परिजन को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंचे। आज सुबह शवों की शिनाख्त होने के पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। सड़क हादसे में जनपद अध्यक्ष के पुत्र समेत एक ही गांव से दो लोगों की मौत से जगन्नाथपुर में शोक का माहौल है। गमगीन माहौल में देर शाम अंतिम संस्कार किया गया।

#### आए दिन हो रही घटनाएं

एनएच 130 पर अलकापुरी मोड़ ब्लैक स्पॉट बनता जा रहा है। इसी स्थान पर विगत कुछ माह में हादसों के कारण आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। सड़क पर बना कर्व काफी खतरनाक है और तेज रफ्तार के कारण लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है।

### पीछे से ट्रक में जा घुसे बाइक सवार, वीडियो हुआ वायरल



**लखनपुर।** एनएच 130 पर दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है। अलकापुरी में हाइवा की टक्कर से दो युवकों की मौत के बाद बीती रात एक अन्य हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ग्राम केसगंवा निवासी अरविंद और विकास बाइक क्रमांक सीजी 15 सीक्यू 4476 से अंबिकापुर गए हुए थे और रात को वापस केसगंवा लौट रहे थे। इस दौरान थाना अंतर्गत नवापारा में आगे चल रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने अपने वाहन को धीमा कर दिया। इसी बीच पीछे से आ रहे बाइक सवार अपने वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाए और सीधे ट्रक में जाकर घुस गए। इस घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी बीच एनएच किनारे एक युवक वाहनों का वीडियो बना रहा था और पूरी घटना वीडियो में कैद हो गई। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। बड़ी बात यह है कि एनएच 130 पर नवापारा और रजपुरी डेंजर जोन बनते जा रहे है और एक वर्ष के भीतर नवापारा व रजपुरी के बीच दस से अधिक लोगों की मौतें हो चुकी है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बतौली/सेदम।** एनएच 43 भंडार डांड़ पुलिया के समीप विपरीत दिशा से आ रहे खीरा लोड पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल का उपचार स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है।जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सरमना निवासी उमेश्वर आ. भीमल (35 वर्ष) आज दोपहर गांव के ही भूखन के साथ बाइक से बतौली बाजार खरीदारी करने आए थे। शाम को दोनों बतौली से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही एनएच 43 भंडारडांड़ पुलिया के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे खीरा लोड पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया। पिकअप की टक्कर से उमेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है।

## सेमरसोत में पुलिया से नीचे गिरा ट्रेलर केबिन के नीचे दबकर दो की मौत

**चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाले गए शव, बलौदाबाजार से बिहार जा रहा था ट्रेलर**

**बलरामपुर/राजपुर।** गुरुवार की दोपहर सेमरसोत के समीप पुलिया को तोड़ते हुए क्लिंकर लोड ट्रेलर नीचे पलट गया। दुर्घटना के बाद चालक व परिचालक केबिन में ही बुरी तरह से फंस गए और उनपर कई टन क्लिंकर गिर गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा चार घंटे की कड़ी मशकक के बाद क्लिंकर हटाकर केबिन से दोनों के शवों को बाहर निकाला गया। मामले में पुलिस द्वारा फिलहाल मर्ग कायम कर मृतकों की शिनाख्त कर ली गई और परिजन को घटना की जानकारी दी गई है।

बताया जा रहा है कि ट्रेलर क्रमांकक सीजी 22 एक्स 8452 बलौदाबाजार से क्लिंकर लोड कर औरंगाबाद बिहार जा रहा था। इस दौरान दोपहर लगभग 2.30 बजे जैसे ही ट्रेलर एनएच 343 पर सेमरसोत रेस्ट हाउस के समीप खतरनाक मोड़ वाली पुलिया के समीप पहुंचा तो चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार ट्रेलर पुलिया की रेलिंग को तोड़ते हुए नीचे गिर गया। इस दुर्घटना में ट्रेलर का केबिन पूरी तरह से दब गया और उसके ऊपर ट्राला में मौजूद क्लिंकर गिर गया जिससे केबिन



क्लिंकर के नीचे दब गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पस्ता थाना की पुलिस प्रभारी विमलेश सिंह के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची। घटना के बाद चालकों के वाहन में ही बुरी तरह दबे होने की आशंका के आधार पर पुलिस द्वारा जेसीबी की मदद से पहले क्लिंकर को हटाया गया। क्लिंकर हटाने के बाद केबिन में फंसे चालक व परिचालक के शव बाहर निकाले गए। इस दौरान दोनों शवों को बाहर निकालने में 6.30 बज गया। चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकालकर फिलहाल मर्च्युरी में रखवाया गया है। पुलिस द्वारा ट्रेलर के मालिक से सम्पर्क कर चालकों की पहचान की गई। मृतकों की पहचान औरंगाबाद बिहार निवासी चालक 40 वर्षीय नरेंद्र कुमार व परिचालक 34 वर्षीय अजित कुमार के रूप में की गई है। दुर्घटना में ट्रेलर के केबिन में दबने और क्लिंकर के भार से दोनों का शव क्षत विक्षत हो गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

## परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट सैकड़ों छात्रों ने किया विवि का घेराव, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

परीक्षा के परिणाम से असंतुष्ट सैकड़ों छात्रों ने आजाद सेवा संघ के बैनर तले आज रैली निकाल कर विश्वविद्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। परीक्षा परिणाम में जीरो अंक पाने से छात्रों में काफी आक्रोश नजर आए। साथ ही विश्वविद्यालय प्रबंधन से उत्तर पुस्तिका की पुनःमूल्यांकन करने के साथ रिचेकिंग की तिथि को आगे बढ़ाने की मांग की।

- आजाद सेवा संघ के नेतृत्व में निकाली गई रैली




विश्वविद्यालय के सामने प्रदर्शन करते छात्र।

आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने बताया कि संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2023-24 के परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया था जिसमें बीएससी बॉटनी एवं केमिस्ट्री पेपर के अतिरिक्त विषयों के परिणाम से छात्र असंतुष्ट थे। कई छात्रों को परीक्षा परिणाम में शून्य नंबर दिया गया वहीं परीक्षा में उपस्थित कई छात्रों को अनुपस्थित करार दिया गया है। कुछ दिनों पूर्व ही आजाद सेवा संघ द्वारा विश्वविद्यालय को ज्ञापन सौंपा गया था। जिस पर उचित कार्रवाई नहीं होने पर आज सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने आजाद सेवा संघ के बैनर तले घड़ी चौक के समीप देवीगंज रोड से रैली निकाल कर विश्वविद्यालय का घेराव किया। आजाद सेवा संघ के पदाधिकारी और छात्रों ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया तथा समस्या के समाधान करने की बात कही। इस बीच छात्रों ने मोबाइल से सरगुजा के सांसद चिंतामणि महाराज से बात की। छात्रों की समस्या सुन सरगुजा सांसद ने विश्वविद्यालय प्रबंधन से बात कर समस्या के निराकरण पर चर्चा करने की बात कही। इधर आजाद सेवा संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने छात्रों को कोई भी उचित आश्वासन नहीं दिया गया। उल्टा पूरा गलती सिर्फ छात्रों को ठहराया। संघ एवं छात्रों द्वारा सिर्फ दो दिन का समय दिया गया है। दो दिन के अंतराल में विश्वविद्यालय ने छात्रों के हित में फैसला नहीं लिया गया तो आने वाले दिनों में लगभग 5 हजार की संख्या के साथ विश्वविद्यालय का घेराव किया जाएगा। कुल सचिव ने बताया की छात्र परीक्षा परिणाम को लेकर असंतुष्ट है। प्रोफेसर के माध्यम से उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कराई गई है, सभी छात्रों का वही नंबर आना पाया गया है।

## 1.14 करोड़ के धान गबन मामले में खरीदी केंद्र प्रभारी व फंड मुंशी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर





महावीरगंज धान उपार्जन केंद्र में 1 करोड़ 14 लाख रुपए के धान गबन मामले में पुलिस ने केंद्र प्रभारी और फड़ मुंशी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही इस मामले में 10 अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। आरोपियों को विजयनगर पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल दाखिल करा दिया गया है। बता दें कि बलरामपुर जिले के रामानुजगंज के महावीरगंज के अंतर्गत आने वाले धान उपार्जन केंद्र विजयनगर में 3576.18 क्विंटल धान की बोगस खरीदी का मामला सामने आया था। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने खरीदी केंद्र प्रभारी, फड़ मुंशी समेत 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

- दस अन्य आरोपियों की तलाश जारी, फर्जी तरीके से 3576 .18 क्विंटल धान गबन का मामला

इस मामले में अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक समिति में समर्थन मूल्य पर कुल 77643.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। धान खरीदी के बाद कुल 74066.82 क्विंटल धान का उठाव किया गया जबकि शेष धान समिति में नहीं मिला। ऐसे में फर्जी तरीके से किसानों की एंट्री कर धान खरीदी की संभावना पर मामले की जांच अधिकारी बी तिर्की द्वारा जांच की गई। जांच में यह पुष्टि हुई कि खरीदी प्रभारी मंजर अंसारी ने 9491.20 क्विंटल धान खरीदी की और 9491.20 क्विंटल धान का उठाव किया गया। खरीदी केंद्र प्रभारी बदले जाने के बाद आरिफ अंसारी ने कुल 68152.40 क्विंटल धान खरीदी की और 64576.22 क्विंटल धान का उठाव कराया गया जबकि शेष 3576.18 क्विंटल धान का आरिफ अंसारी ने उठाव नहीं कराया। गायब 3576.18 क्विंटल धान की कीमत 1 करोड़ 10 लाख 86 हजार 158 रुपए और 12 हजार 983 नग बारदाना की कीमत 3 लाख 24 हजार 575 रुपए समेत कुल राशि 1 करोड़ 14 लाख 10 हजार 733 रुपए लगाई गई है। धान कम मिलने पर खाद्य अधिकारी ने जांच प्रतिवेदन के साथ मामले की शिकायत 1 जुलाई को रामानुजगंज थाने में शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद खरीदी केंद्र प्रभारी आरिफ अंसारी सहित फड़ प्रभारी मतीन और कर्मचारी जियाउल अंसारी, संतोष यादव, सुनील, दिनेश, सकेन्द्र, महबूब, संतू लाल, अवधेश, शिवकुमार और बारदाना प्रभारी गुलाब सिंह धारा 409 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में खरीदी केंद्र प्रभारी गम्हरिया निवासी आरिफ अंसारी आ. समदानी अंसारी, व फंड मुंशी विजयनगर निवासी महबूब आलम आ. अमीनुद्दीन को हिरासत में गिरफ्तार किया गया है जबकि शेष दस आरोपियों की तलाश जारी है।

### सर्पदंश की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** सर्पदंश की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। दोनों ही घटनाओं में जमीन पर सोने के दौरान ही जहरीले सांप ने काट लिया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम पशुपतिपुर निवासी राम सुंदर आ. गणेश (27 वर्ष) बीती रात कमरे में जमीन पर सो रहा था। इसी दौरान देर रात लगभग 2 बजे करैत सांप ने काट लिया। सांप के काटने की जानकारी लगते ही परिजन उसे वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन युवक को आपातकालीन केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार दूसरी घटना में चांदो थाना अंतर्गत ग्राम मंडवा निवासी बुधेश्वर नाग आ. स्व.अमित नगेसिया (35 वर्ष) बीती रात पत्नी के साथ जमीन पर सो रहा था। इसी दौरान देर रात जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन बुधेश्वर को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## बिजली की लचर व्यवस्था, युकां ने किया विद्युत कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

क्षेत्र में बिजली की लचर व्यवस्था तथा लोगों को हो रही परेशानी को लेकर आज युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने विद्युत कार्यालय का घेराव किया। साथ ही बिजली व्यवस्था में सुधार किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

युवा कांग्रेस सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक शांतनु सिंह ने बताया कि क्षेत्र में आए दिन विद्युत विभाग द्वारा लाइट की कटौती की जा रही है। ऐसे में क्षेत्र के किसानों को खेती करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खेत में सिंचाई नहीं होने से धान की फसल की पैदावार पर भी इसका असर पड़ सकता है। इसके अलावा बिजली नहीं होने से लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। युवा कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बिजली व्यवस्था में सुधार करने की मांग



की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान आशीष सिंह, दिलीप जायसवाल, राहुल सिंह, विनय पावले, विनय पैकरा, देव सैनी, कांता प्रसाद, राजेश, गोलू , विपेश, अभय जायसवाल के अलावा प्रशासन की ओर से विद्युत विभाग के एई, तहसीलदार, थाना प्रभारी संजय राठौर सहित विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## 5 किलो गांजा के साथ सप्लायर व खरीददार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तस्कर व सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 5 किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद किया है।


जानकारी के अनुसार 3 जुलाई को लुंड्रा पुलिस पेट्रोलिंग पर निकली थी। इस दौरान नागम बांसपारा पुलिया के समीप पंडरापाट कैलाश गुफा की ओर से बाइक सवार आता हुआ नजर



आया लेकिन बाइक सवार पुलिस को देखने के बाद भागने लगा। पुलिस ने बाइक सवार का पीछा कर पकड़ा तो युवक की पहचान नागम निवासी 28 वर्षीय जोधन राम के रूप में की गई। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद प्लास्टिक झोले से 5.187 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इस दौरान आरोपी ने पूछताछ के दौरान पत्थलगांव निवासी सद्दाम से गांजा खरीदने की बात स्वीकार की। पुलिस द्वारा मामले में घेराबंदी कर पत्थलगांव शांतिनगर निवासी 31 वर्षीय सद्दाम के रूप में की गई। आरोपी ने जोधन राम नागेश को अवैध मादक पदार्थ सप्लाई करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों से 2 नग बाइक, एक मोबाइल फोन व गांजा जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लुन्ड्रा शिशिरकान्त सिंह, सउनि रामकरण राजवाड़े, प्रधान आरक्षक सत्यनारायण पाल, आरक्षक दीपक पाण्डेय, हेमंत लकड़ा, निरंजन बड़ा, वीरेंद्र खलखो, शिव खलखो, विनोद केरकेट्टा शामिल रहे।

## डोरी बिनने निकला ग्रामीण तीन दिनों तक भटकता रहा जंगल में

**अम्बिकापुर।** सोमवार को डोरी बिनने निकला ग्रामीण तमोर पिंगला अभ्यारण्य अंतर्गत पिंगला जंगल में भटक गया। वह तीन दिनों तक घने जंगल में भटकता रहा। पिछले दो दिनों से ग्रामीण की तलाश में जुटे वनकर्मियों ने गुरूवार को उसे बकराअण्डा धाम के निकट सकुशल बरामद किया। रमकोलो निवासी मो.नासिर आ.हुसैनी (70वर्ष) 1 जून को सुबह 8 बजे तमोर पिंगला अभ्यारण्य में महुआ बीज संग्रहण करने निकला था। इस दौरान वह घने जंगल में भटक गया। देर शाम तक वह घर नहीं लौटा तो परिजन ने वन अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर वन अधिकारियों ने वनपाल, हाथी मित्रमंडल एवं सुरक्षा श्रमिकों की टीम बनाकर भटके ग्रामीण को तलाशने के लिए निर्देशित किया तथा आसपास के गांवों में मुनादी कराई। वनकर्मी दो दिनों तक आसपास के जंगल में ग्रामीण को तलाशते रहे लेकिन उसका पता नहीं चला। गुरूवार को वनकर्मी पिंगला जंगल स्थित बकराअण्डा मार्ग के आसपास के ग्रामीण को तलाश रहे थे।



# कटप्पा ने शुरू की सलमान की 'सिकंदर' की शूटिंग...

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग चल रही है। इस फिल्म में 'बाहुबली' के कटप्पा यानी एक्टर सत्यराज भी नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि वे इसमें खलनायक का किरदार अदा करेंगे। उन्होंने भी शूटिंग शुरू कर दी है। सेट से निर्माताओं ने सत्यराज के साथ तस्वीरें साझा की हैं। इसके अलावा प्रतीब बब्बर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। मेकर्स ने प्रतीक और सत्यराज दोनों का सेट पर स्वागत किया है। इस फिल्म का निर्देशन दक्षिण के लोकप्रिय निर्देशक एआर मुरुगडस कर रहे हैं। नाडियाडवाला ग्रैंडसन के एक्स हैंडल से एक पोस्ट साझा की गई है। इसमें तीन तस्वीरे हैं।

लाइफ Style



# दीपिका

## 'विपरीत करणी' आसन के बताए फायदे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण जल्द ही मां बनने वाली हैं। वे गर्भवती हैं और गर्भावस्था का सातवां महीना चल रहा है। इस दौरान वे सोशल मीडिया पर भी पहले से अधिक सक्रिय हैं और अपनी दिनचर्या के बारे में फैंस के साथ जानकारी साझा करती नजर आ रही हैं।

दीपिका ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर साझा की है, जिसे देख लोग हैरान हैं। अभिनेत्री वर्कआउट करती नजर आ रही हैं, वह भी ऐसा आसन, जिसे गर्भावस्था में करना शायद लोग ठीक न मानें! लेकिन, दीपिका ने इसके फायदों से रूबरू कराया है। हालांकि, जब मैं कसरत नहीं कर पाती तो मैं इस सरल आसन का अभ्यास पांच मिनट जरूर करती हूं। मैं इसे हर दिन करती हूं, चाहे मैं कसरत करूं या नहीं। खासकर फ्लाइट से यात्रा करने के बाद या यूं ही तनाव कम करने के मामले में यह आसन बहुत ही उपयोगी है। आप भी मेरे साथ डेली सेल्फ केयर प्रैक्टिस से जुड़ सकते हैं। विपरीत करणी आसन में पीठ के बल लेटकर पैरों को दीवार के सपोर्ट से ऊपर उठाकर सीधा रखा जाता है। दीपिका ने लिखा, 'संस्कृति में 'विपरीत' का अर्थ है 'उलटा' और 'करणी' का अर्थ है 'कार्रवाई में'। अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'दीवार के सहारे अपने पैरों को ऊपर करके लेटने से आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को लाभ हो सकता है। नर्वस सिस्टम ठीक से काम करता है, और इम्यूनिटी बढ़ती है। दीपिका ने आगे लिखा कि यह प्राचीन आसन बहुत लाभकारी है, खासकर हमारी तनावपूर्ण और व्यस्त दुनिया में यह बेहद मददगार है'।

हॉलीवुड मसाला



# डेडपूल के किरदार को लेकर डर था

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' में डेडपूल की अपनी भूमिका को फिर से निभाते हुए नजर आएंगे। डिज्नी और फॉक्स के विलय के कारण अभिनेता को लगा था कि वह फिर से सुपरहीरो की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। डेडपूल और वूल्वरिन 26 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में उन्होंने एक बातचीत में बताया कि उन्हें डेडपूल की ड्रेस दोबारा न पहनने का डर क्यों था। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि ऐसा किरदार एमसीयू में कैसे फिट होगा।




# ह्यू जैकमैन ने की केविन फीगे के व्यवहार की तारीफ

**लॉस एंजिलिस।** ह्यू जैकमैन ने फिल्म एक्स मेन के लिए ऑडिशन दिया था। उनका वो ऑडिशन काफी खराब गया था। उन्होंने हाल में इस ऑडिशन को याद करते हुए केविन फीगे के व्यवहार की तारीफ की है। हॉलीवुड अभिनेता ह्यू जैकमैन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसमें वह रयान रेनॉल्ड्स के साथ स्क्रीन साझा करते हुए दिखाई देंगे। ह्यू जैकमैन ने कई बार स्क्रीन पर वॉल्वरिन बनकर दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। मगर अब ये कल्पना करना वाकई काफी मुश्किल होगा कि ह्यू जैकमैन मार्वल फिल्मों में वॉल्वरिन का किरदार निभाएं। हालांकि ऐसा कुछ तय नहीं हुआ था। मगर उन्होंने मार्वल स्टूडियो की फिल्म के लिए एक बार ऑडिशन दिया था।



# साझा की शादी की नई झलकियां...

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान की बेटी आयरा खान ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड, फिटनेस ट्रेनर नुपुर शिखरे के साथ एक भव्य समारोह में शादी कर ली है। हाल ही में. एक इंस्टाग्राम पोस्ट में, आयरा ने अपनी शादी के जश्न के कुछ सबसे प्यारे पलों को साझा किया है और उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त की जिन्होंने उनकी शादी की प्लानिंग अच्छे से की। आयरा ने इस अनुभव को दोबारा जीने की इच्छा व्यक्त की और कहा कि यदि वे कभी ऐसा दोबारा करेंगे तो वे चाहेंगी कि इसमें वही लोग शामिल हों, क्योंकि उनके बिना यह अनुभव वैसा नहीं होगा। आयरा के कैप्शन में लिखा था, 'मुझे नहीं लगता कि हमारा कभी इतना ख्याल रखा गया होगा। योजना और रेकी से लेकर शादी तक। सभी कर्मचारियों ने जो देखभाल, उत्साह और रुचि दिखाई, वह दिल को छू लेने वाली थी।'




# ओटीटी पर धूम मचाने को तैयार श्रीकांत

**मुंबई।** राजकुमार राव, अलाया एफ और ज्योतिका अभिनीत फिल्म 'श्रीकांत' ने सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से ही लोगों का खूब दिल जीता है। प्रशंसक दृष्टिहीन श्रीकांत बोला के रूप में राजकुमार राव की प्रशंसा कर रहे हैं। अगर दर्शक इस मास्टरपीस को सिनेमाघरों में देखने से चूक गए हैं तो अब उन दर्शकों के लिए अच्छी खबर सामने आई है। फिल्म अब ओटीटी पर भी धूम मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिसकी आधिकारिक घोषणा हो चुकी है। सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग दो महीने बाद 'श्रीकांत' अपने ओटीटी प्रीमियर के लिए पूरी तरह तैयार है। नेटफ्लिक्स इस साल मई में रिलीज होने के बाद 5 जुलाई को राजकुमार राव अभिनीत फिल्म को रिलीज करेगा। बायोपिक बोलंट इंडस्ट्रीज के संस्थापक और दृष्टिबाधित उद्यमी श्रीकांत बोला की कहानी है।

टीवी मसाला



# हिना खान को एकता कपूर ने बताया 'हीरो'

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' फेम एक्ट्रेस हिना खान ने हाल ही में खुलासा किया था कि उन्हें स्टेज 3 ब्रेस्ट कैंसर का पता चला है। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक लंबा नोट शेयर कर सभी को बताया कि वह तीसरी स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर का इलाज करा रही हैं। उनके बताने के बाद से ही उन्हें इंडस्ट्री में उनके दोस्तों और फैंस का भरपूर सपोर्ट मिल रहा है। हाल ही में एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने उन्हें 'फाइटर' कहा था और अब एकता कपूर ने इंस्टाग्राम पर हिना खान को अपना 'हीरो' बताया है। एकता ने हिना खान के लिए पोस्ट शेयर किया और एक्ट्रेस की वीडियो लगाकर उसमें कैप्शन में उन्हें 'मेरी हीरो' कहा है। एकता कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर हिना खान का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक्ट्रेस कैंसर का पता चलने के बावजूद एक अवॉर्ड नाइट में शिरकत करती नजर आ रही हैं। एकता ने एक लिखा- 'स्टार, सुपरस्टार!!!! सच में मेरी हीरो हिना खान।' अब हिना खान ने एकता कपूर को थैंक्स बोलते हुए कहा, 'एक असली क्वीन दूसरों को हिम्मत देती है और जब से आपको पता चला है तब से आप मुझे हिम्मत दे रहे हो। जिस तरह से आप मेरा ध्यान रखते हैं उससे और मुझे ताकत मिलती है। एकता कपूर, लव यू।'


## 'जो मैं कर चुकी हूं, वो दोबारा नहीं करना चाहती हूं'...

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा लाइमलाइट में बनी रहती हैं। उनकी हर एक अदा पर फैंस कायल हो जाते हैं। सोशल मीडिया पर श्वेता अपने हुस्न का जलवा दिखाती रहती है। श्वेता तिवारी ने छोटे पर्दे पर एकता कपूर के सीरियल 'कसौटी जिंदगी से' शुरुआत की थी। इस शो मे एक्ट्रेस को खूब पॉपुलैरिटी मिली थी। इसके बाद से श्वेता ने कई हिट सीरियल किए और उन्होंने अपनी घर-घर में पहचान बना ली। 'बिग बॉस' सीजन 4 की विनर रह चुकीं श्वेता तिवारी पिछले काफी समय से टीवी इंडस्ट्री से दूर हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने इसके पीछे की वजह का खुलासा किया है। टेली टॉक को दिए इंटरव्यू में श्वेता ने बताया कि, 'जो मैं कर चुकी हूं, मैं वो दोबारा नहीं करना चाहती हूं। अगर आप आज टीवी देखो तो हर चीज सेम चल रही है। मैं तो अब टीवी देखना भी पसंद नहीं करती हूं. मम्मी-पापा देखते थे तब मैं भी देखती थी, लेकिन अब टीवी में पता नहीं क्या ही जादू की तरह चीजें दिखाई जा रही हैं।



# अक्षय-राधिका की रोमांटिक केमिस्ट्री करवाएगी सरफिरा को हिट..!

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का एक और गाना रिलीज कर दिया गया है। इस गाने में आपको अक्षय कुमार और राधिका मदान की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। राधिका का महाराष्ट्रियन लुक काफी खूबसूरत लग रहा है। गाने में अक्षय राधिका को अप्रोच करते नजर आ रहे हैं। साफ है कि इनकी एक प्यारी सी लव स्टोरी फिल्म की कहानी का हिस्सा होगा। अब राधिका मदान के हाथ कितना काम लगता है ये तो फिल्म रिलीज होने के बाद ही सामने आएगा। ये फिल्म 12 जुलाई को रिलीज होने वाली है गाने की बात करें तो इसके बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं और इसे श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज से सजाया है। अक्षय कुमार ने गाना अपने इंस्टा अकाउंट पर शेयर किया तो फैन्स का भी खूब प्यार मिला। ज्यादातर लोग लीड स्टार्स की केमिस्ट्री को खासा पसंद कर रहे हैं। राधिका के साथ अक्षय कुमार की पेयरिंग काफी फ्रेश लग रही है। राधिका ने भी इस तरह का रोल पहली बार ही किया है। साड़ी वाले फुल एथनिक मराठी लुक उनपर सूट कर रहा है।



वजह का अमिताभ बच्चन ने किया खुलासा

# अमजद खान से कई साल तक नफरत करते रहे अभिषेक बच्चन

**नई दिल्ली।** 80 के दौर में अमिताभ बच्चन और अमजद खान की जोड़ी ने बड़े पर्दे पर खूब धमाल मचाया था। दोनों ने शोले, नसीब, मुकद्दर का सिकंदर, याराना सत्ते पे सत्ता, लावारिस जैसी दर्जनों हिट फिल्में दी। किसी फिल्म में अमजद खान को सपोर्टिंग हीरो, तो किसी में निगेटिव रोल भी मिला, लेकिन बचपन में अमिताभ बच्चन के बेटे अमजद खान को बुरा आदमी समझते थे और उनसे बहुत डरते भी थे। इस बात का खुलासा खुद अमिताभ बच्चन ने संजय दत्त के सामने किया। इंस्टाग्राम पर केबीसी का एक थ्रोबैक वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में हॉट सीट पर अमिताभ बच्चन के साथ संजय दत्त बैठे हुए हैं और अमिताभ बच्चन अपने दौर का एक किस्सा सुना रहे हैं और बता रहे हैं कि जब मेरा बेटा अभिषेक छोटा था, तो वो मेरे दोस्त अमजद खान से बहुत नफरत करता था। उसे लगता था कि वह बड़े पर्दे पर निगेटिव रोल निभाते हैं, इसलिए बुरे आदमी हैं। एक बार जब किसी पार्टी में अमजद खान और अमिताभ बच्चन एक साथ बात कर रहे थे, तो उसे देखकर अभिषेक बहुत डर गए और उन्हें लगा कि अब यहां लड़ाई-झगड़ा होने वाला है। ये किस्सा सुनकर हॉट सीट पर बैठे संजय दत्त भी हंसने लगे।



### 70 से 80 तक खूब चली अमजद और अमिताभ की जोड़ी

अमिताभ बच्चन और अमजद खान सबसे पहले फिल्म शोले में एक साथ नजर आए थे, यह फिल्म 1975 में रिलीज हुई थी और सुपर डुपर हिट फिल्म रही थी। इसके अलावा 1977 में वह परवरिश फिल्म में नजर आए थे। 1978 में गंगा की सौगंध, 1979 में सुहाग, खून पसीना, नसीब, मुकद्दर का सिकंदर, सत्ते पे सत्ता, याराना, कालिया, मिस्टर नटवरलाल जैसी कई फिल्मों में अमिताभ बच्चन अमजद खान के साथ काम कर चुके हैं और दोनों जिगरी यार भी रहे हैं। लेकिन उनका लुक और बड़े पर्दे पर उनका किरदार देखकर अभिषेक बच्चन उनसे डरते थे।

## किसी ने झेली परिवार की नाराजगी तो किसी ने छोड़ा घर

# परिवार से बगावत कर अभिनय की दुनिया में आए ये सितारे

*नई दिल्ली। अभिनय की चकाचौंध दुनिया में कलाकार बनने का सपना लिए कई लोग आते हैं। कई लोगों ने अपनी मेहनत के दम पर और शानदार अदाकारी के साथ अभिनय की दुनिया में अपना नाम कमाया है। आज बॉलीवुड में कई सितारों के अभिनय की तारीफ होती है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से कुछ सितारों को अभिनेता या अभिनेत्री बनने के लिए परिवार की नाराजगी भी झेलनी पड़ी थी। चलिए आज हम आपको बताते हैं, उन सितारों के बारे में, जिन्होंने अभिनय में अपना करियर बनाने के लिए परिवार से बगावत तक कर ली थी।*




**इरफान खान :** बॉलीवुड और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे मशहूर अभिनेताओं में से एक इरफान खान ने जब अभिनेता बनने की इच्छा जताई तो उन्हें अपने परिवार की नाराजगी का सामना करना पड़ा। जयपुर के एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले इरफान ने अपने जुनून को आगे बढ़ाया और रूढ़ियों से अलग हटकर काम किया। उनके असाधारण अभिनय कौशल और दमदार फिल्मों ने उन्हें सिनेमा की दुनिया में एक सम्मानित व्यक्ति बना दिया। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनकी यादें दर्शकों के दिलों में जिंदा हैं।



**करिश्मा कपूर :** एक प्रसिद्ध फिल्मी खानदान का हिस्सा होने के बावजूद करिश्मा कपूर को बॉलीवुड में बतौर अभिनेत्री प्रवेश करने के फैसले पर परिवार से विरोध मिला था। उनके पिता रणधीर कपूर का मानना था कि कपूर परिवार की किसी भी महिला ने फिल्म उद्योग में काम नहीं किया है और इसलिए वे करिश्मा के फिल्मी दुनिया में प्रवेश करने के फैसले के खिलाफ थे। अभिनेत्री ने 15 साल की छोटी उम्र से ही अपने करियर की शुरुआत कर दी थी।



**राधिका आप्टे :** राधिका आप्टे एक ऐसे परिवार से आती हैं, जहां उनके माता-पिता दोनों ही चिकित्सा पेशे का हिस्सा रहे हैं। उनका जन्म पुणे में हुआ था और उन्होंने अर्थशास्त्र में स्नातक किया था, लेकिन प्रदर्शन कलाओं के प्रति उनके प्रेम ने उन्हें फिल्म उद्योग में प्रवेश करने के लिए प्रेरित किया। उनके पिता राधिका के अभिनेत्री बनने के उनके फैसले के खिलाफ थे। उनके पिता ने कथित तौर पर उनसे कहा कि यह एक दिमागहीन व्यवसाय है। हालांकि, राधिका अपने फैसले पर टिकी रहीं और अब वे बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं।



**कंगना रणौत :** कंगना रनौत इंडस्ट्री की सबसे निडर, बोल्ड और मुखर अभिनेत्रियों में से एक हैं। जब उन्होंने फिल्मों में अपना करियर शुरू किया तो उनके परिवार ने उनका विरोध किया। एक छोटे से शहर में जन्मीं कंगना का बॉलीवुड में सफर संघर्ष और विरोध से भरा रहा। उनके पिता चाहते थे कि वे डॉक्टर बनें। हालाँकि, उन्होंने फिल्म उद्योग में अपना करियर बनाने के लिए कम उम्र में ही घर छोड़ दिया। हालांकि, इससे उनके परिवार के साथ उनके रिश्ते खराब हो गए थे।

## खबर संक्षेप

### रेत के अवैध परिवहन में शामिल 6 ट्रैक्टर जब्त

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर खनि अधिकारी हीरादास भारद्वाज के मार्गदर्शन में खनिज एवम पुलिस विभाग के सयुंक्त दल द्वारा बिलाईगढ़ तहसील का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। ग्राम चिकनीडीह में खनिज रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन में शामिल 06 ट्रैक्टर को जप्त किया गया, जिसमें 03 ट्रैक्टर को भटगांव थाना में और 3 ट्रैक्टर की सुपुर्दगी सरसीवा थाना में दिया गया। यह कार्यवाही छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवम् ख़ान एवं खनिज विकास आधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की जाएगी। साथ ही अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण की कार्यवाही आगे भी निरंतर कलेक्टर के निर्देश पर की जायेगी। जांच टीम में दीपक पटेल अनुराग नंद सहित पुलिस कर्मी शामिल हुए।

### मोहर्रम 17 को, शुष्क दिवस घोषित

**रायगढ़।** शासन के निर्देशानुसार 17 जुलाई को मोहर्रम पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त तिथि को जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित समस्त देशी मदिरा सीएस 2 घघ, कंपोजिट मदिरा सीएस 2 घघ कंपोजिट एवं विदेशी मदिरा एफएल1 घघ, दुकानों, देशी मदिरा भंडागार एवं समस्त होटल बारों एफएल 3 को पूर्णतः बंद रखे जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त शुष्क दिवस को मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### तमनार में ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**तमनार।** तमनार में ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम का आयोजन 3 जुलाई को मंगलम भवन में पूर्व विधायक सुनिति राठिया तहसीलदार रिचा सिंह अन्य जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों, पालक शिक्षा विभाग के अधिकारी, सैकड़ों छात्र छात्राओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल के छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ मईया लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से अतिथि पालकगण गदगद हुए। कक्षा पहली, 6 वीं 9 वी के नव प्रवेशी छात्रों का अतिथियों के द्वारा पुष्पहार तिलक रोली लगाकर मिठाई खिलाकर अभिनन्दन करते पाठ्य सामग्री गणवेश प्रदाय किया गया। 3 दिव्यांग छात्रों को व्हील चेयर व 2 छात्रों को मोबाइल प्रदाय किया गया। विकास खण्ड शिक्षा कार्यालय तमनार, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल व स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल तमनार एवं 24 संकुल द्वारा जलपान, स्वादिष्ट भोजन अन्य बेहतर व्यवस्था किया गया।

### जिला कराते संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़ का हुआ गठन

**कटेली।** खेल भाटा मैदान जिला कराते संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़ का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष विजेंद्र यादव गुड्डू, सचिव छेदीलाल साहू, सहसचिव अश्वनी कुमार जांगड़े कोषाध्यक्ष धनीराम निराला, उपाध्यक्ष हिमेश विश्वकर्मा, कार्यकारिणी सदस्य अर्जुन रायकर, सत्य प्रकाश दीपक दास, नीलकंठ जांगड़े, सीमा यादव, प्रिंस यादव, यशवंत अमन जांगड़े, मिनी साहू, संजना साहू, शिवम साहू एशिवा सारथी, रवि वर्मा, मयंक कोसले, राजीव ध्रीवर, सत्यम सिदार, निखिल निसाद, दीपक ठाकुर, अजय निसाद, प्रेमिनेश यादव, लक्की आदि पद हेतु सभी को आमंत्रित एवं सभी का पद ग्रहण समारोह खेल भाटा मैदान सारंगढ़ में संपन्न हुआ।

पेज 1 का शेष

### हाथियों के आतंक ...

पहुंच गए। बहुत हि मुस्किल सेगांव वालों ने हाथियों को गांव से बाहर खदेड़ा है।गांव में हाथियों के घुसाने के बाद भगदड़ की स्तिथि निर्मित हो गई थी। ग्रामीण चिल्ला कर अपने घरवालों, महिलाओं और बच्चों को घर से बाहर न निकलने की हिदायत दे रहे थे। गांव के पुरुष और युवा लोग टॉर्च जलाकर और बाइक की लाइट जलाकर हॉर्न बजा बाजाकर हाथियों को गांव से खदेड़ा है। शोरगुल सुनकर हाथी आक्रामक हो जाते है। जिससे ग्रामीणों के जान माल खतरा बढ़ जाता है।

## ट्रेन में बच्चों को दूध से लेकर दवा तक पहुंचा रहा रेल मदद ऐप

# रेल मदद एप पर हर माह 3 हजार शिकायतें,15 मिनट में समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अलग खबर

रेलवे अब एप के जरिए यात्रियों की सफर के दौरान मदद कर रहा है। ये ऐप यात्रा के दौरान चौबीस घंटे सातों दिन खुला है। रेलवे ने इसका नाम भी रेल मदद ऐप रखा है। इसके जरिए यात्री सफर में संबंधित ट्रेन के कोच में साफ सफाई, रिजर्वेशन सीट को लेकर परेशानी, बच्चे का दूध, बुजुर्ग यात्री की दवा और सफर में आकस्मिक मदद समेत अन्य सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत रेल मदद एप पर हर माह करीब 3 हजार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं और उनका महज कुछ मिनटों में शत प्रतिशत निराकरण भी हो रहा है। रेल मण्डल से मिली जानकारी के मुताबिक़ रेल मदद एप के माध्यम से मिलने वाली शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए वार रुम बनाया गया है, जिसमें विभिन्न विभागों के 8 कर्मचारियों को मुस्तैद किया गया है। रेलवे पीआरओ ने बताया कि रेल मदद एप पर हर माह करीब 3 हजार शिकायतें दर्ज हो रही हैं और सभी का शत प्रतिशत निराकरण भी हो रहा है।इस हिसाब से लगभग 15 मिनट में एक शिकायती का निपटारा वार रुम के कर्मचारी कर रहे हैं। बीते माह जून तक ऐप के जरिए यात्रियों की मिली विभिन्न शिकायतों का समाधान कराया। खास बात ये है कि प्रत्येक शिकायत का औसत समय करीब 15 मिनट रहा। यानी यात्रियों को मदद मिलने में ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा। हांलांकि यात्रियों की कुछ अजीब ओ गरीब शिकायतों ने रेल कर्मियों को थोड़ा उलझाया जरुर लेकिन इन शिकायतों का भी सूझबूझ से निराकरण किया गया। बता दें कि बिलासपुर रेल मण्डल में बिलासपुर, रायगढ़, बाराद्वार, चांपा, नैला, अकलतरा, कोरबा, उसलापुर, पेंड्रारोड, बैकुंठपुर रोड, अंबिकापुर, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, बिजुरी, ब्रजराजनगर, बेलपहाड़, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया समेत अन्य प्रमुख स्टेशन शामिल हैं।



### तत्काल समाधान करना उद्देश्य

रेलवे ऐप के जरिए यात्रियों को ऑनलाइन सुविधा दे रही है ताकि आसानी से शिकायतें पहुंच सके और उनका निवारण भी तत्काल किया जा सके। रेल मदद ऐप के जरिए सफर के दौरान पानी, बिजली, सफाई सहित अन्य शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं। इसके साथ ही किसी भी तरह की समस्या भी इस ऐप के जरिए कर सकते हैं। सुविधाएं मांगने या शिकायत करने के लिए जनरल डिटेल्स, घटना की तारीख, घटना स्थल, पर्सनल डिटेल, मोबाइल नबर और ई.मेल जैसी सूचनाएं देनी होती हैं।

### यात्रियों से मांगा जाता है फीडबैक

रेल मदद ऐप पर शिकायत या समस्या बताने पर रेलवे प्रशासन की ओर से उसका समाधान भी किया जा रहा है। रेलवे ने हर समस्या के समाधान की समय सीमा भी निर्धारित की हुई है। निर्धारित समय में समाधान न होने पर वह शिकायत उच्च अधिकारी तक पहुंच जाती है। साथ ही समाधान की सूचना भी शिकायतकर्ता को देते हुए उससे फीडबैक भी लिया जाता है। रेलवे की इस व्यवस्था से लोगों को लाभ मिल सकेगा।

### समस्या का त्वरित निदान

रेल मदद ऐप यात्रियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करने को लेकर तैयार किया है। प्राप्त शिकायतों को तय समय सीमा में निपटाया जाता है जिससे यात्री को राहत मिल सके और बेहतर यात्रा हो।

**विकास कुमार कश्यप**
सीपीआरओ, दपूमरे बिलासपुर मंडल।

## जांच के दौरान होटलों में मिली दूषित खाद्य सामाग्री, विभाग ने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

- सारंगढ बिलाईगढ जिले के सरसींवा में फूड विभाग का निरीक्षण

वर्षा ऋतु में दूषित जल से होने वाली संक्रमित बीमारियों को देखते हुए बुधवार को खाद्य औषधि प्रशासन विभाग ने एक्शन में आकर जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर सरसीवा के विभिन्न होटलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई की। कार्यवाही से होटलो में अफरा तफरी मच गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में विभागीय टीम ने बारिश के मौसम में खाद्य प्रतिष्ठानों में होने वाली गंदगी के लिए छापामार कार्रवाई की जिसके तहत टीम ने सरसीवा के अल्ली होटल, रामजी होटल, हितेश होटल, बालाजी होटल, मून नाइट होटल, पिज़्ज़ा हाउस एवं अन्य छोटे खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की, जिसमे अल्ली होटल में निरीक्षण करने पर किचन व स्टॉरेज रूम में बहुत अधिक गंदगी पाई गई। साथ ही पीने के पानी की व्यवस्था भी ठीक नहीं पाई गई। जिस पर अधिकारी द्वारा होटल के संचालक को फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। साथ ही फ्रिज में रखे हुए बसी आटा वा अन्य खराब खाद्य पदार्थ को नष्ट कराया गया। इसी तरह बाला जी होटल में निरीक्षण करने पर रसमलाई में गन्दगी पाए जाने पर लगभग दो किलो रसमलाई को नष्ट कराया गया।



रामजी होटल में भी खाद्य पदार्थों का उचित ढंग से रख रखाव नही पाया गयाए जिस पर अधिकारी द्वारा होटल संचालक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सभी को खाद्य पदार्थों के सही रख रखावए पीने के पानी का उचित पात्र में साफ स्वच्छ जल का भंडारण करनेए खाद्य पदार्थ को मक्खी से बचाव हेतु ढककर रखने खाद्य पदार्थों में खाद्य रंग का सीमित मात्रा में उपयोग करने, खाद्य पदार्थों को रखने में अखबारी पेपर का उपयोग नहीं करने, फ्रेश तेल में तीन बार से अधिक खाद्य पदार्थों को नही तलने, एक्सपायरी डेट वाले खाद्य पदार्थों का उपयोग नहीं करने एवम साफ सफाई रखने के दिशा निर्देश दिए गए।

## बच्चों का नया स्कूल तैयारः जर्जर प्राथमिक शाला से मिली मुक्ति

**कटेली।** मुख्यमंत्री जतन योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में 12 लाख 80 हजार रूपए स्वीकृत की गई। जिला मुख्यालय और नगरपालिका परिषद सारंगढ़ के घसियापारा में प्राथमिक शाला के नए भवन का लगभग 10 वर्ष बाद निर्माण हुआ है।

प्राथमिक शाला भवन जर्जर होने के कारण अतिरिक्त कक्ष में प्राथमिक शाला का संचालन किया गया। अतिरिक्त कक्ष का भी भवन जर्जर होने पर वर्ष 2018 में सामुदायिक भवन में प्राथमिक शाला का संचालन किया गया। निर्माण एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के लिए मोहल्ले के भीतर प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कराना मुश्किल का काम था। मोहल्ले में कई नागरिक स्कूल के काम में सहयोग देते हैं तो कई अवरोध उत्पन्न करते हैं। ऐसी स्थिति में ठेकेदार के लिए भवन निर्माण करना बहुत दुष्कर था। ठेकेदार प्रति दिन के हिसाब से निर्माण सामग्री रेत, गिटटी, सीमेंट, छड़ आदि का उपयोग कर बनाया है। प्राथमिक शाला घसियापारा सारंगढ़ की प्रधान पाठक राधिका सिदार कहती हैं कि प्राथमिक शाला भवन के नया बनने से बच्चे बहुत खुश हैं। साथ ही पुराने भवन के जर्जर स्थिति से अब आजादी मिली है। पालक भी जर्जर भवन के कारण स्कूल भेजने में हिचकिचाहट व्यक्त करते थे, लेकिन नया स्कूल भवन बनने से बच्चों और पालकों में भी उत्साह और खुशी है।



### डेंगू के रोकथाम के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बीके चंद्रवशी ने डेंगू के कारण एवं लक्षण उसके रोकथाम व बचाव के उपाय के संबंध में एडवायजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि डेंगू से डरने की जरूरत नहीं है बल्कि सावधान और जागरूक रह कर इससे बचा जा सकता है। एडीज मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह दिन में काटता है। पांच से छह दिन बाद डेंगू के लक्षण नजर आते हैं। सीएमएचओ ने कहा कि डेंगू रेपीड डायग्नोस्टिक टेस्ट कीट से जांच होने के उपरांत धनात्मक पाये जाने वाले मरीज केवल डेंगू के संदेहास्पद मरीज होते है उनको अंतिम डेंगू के धनात्मक मरीज नहीं माना जाता है। उक्त मरीजों को मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में टेस्ट में धनात्मक पाए जाने पर ही शासन द्वारा डेंगू के मरीज होने की पुष्टि की जाती है।

## सलिहाभांठा मार्ग पर बड़े बड़े गड्ढों से आवागमन में परेशानी



**तमनार।** केलो बनांचल आदिवासी बाहुल्य औद्योगिक जनपद तमनार के ग्राम सलिहाभांठा किसान पेट्रोल पंप के सामने बड़े बड़े गड्ढो से आवागमन में भारी परेशानी हो रही है वही हर दिन ट्रेलर वाहन कार मोटर साइकिल गड्ढे में गिरने से चोटिल हो रहे है। वही सड़क में ट्रेलर वाहनों की लम्बी लम्बी कतार व जाम लगी रहती है। बता दे तमनार सलिहाभांठा सड़क विगत वर्ष से सीमेंट क्रंकीट सड़क बनना प्रारम्भ हुई है लेकिन सलिहाभांठा व जेपीएल गेट न 4 के पास अपूर्ण होने से सड़क में गड्ढे हो गए है। स्कूली छात्र छात्राओं व ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सलिहाभांठा के ग्रामीण भुवनेश्वर सिदार रामावतार पैकरा ने बताया कि हर दिन गड्ढो से घटनाएं घट रही है अविलम्ब मरम्मत नहीं होगी तो आंदोलन किया जाएगा।

## लापता बालिका तेलंगाना के सिकंदराबाद से बरामद, एक युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस ने थाना क्षेत्र से लापता हुई बालिका को सिकंदराबाद तेलंगाना जाकर बरामद किया गया है। बालिका के पिता ने 9 जून को थाना जूटमिल में बालिका की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया था।

बालिका के परिजन ने उनके मोहल्ले में मेहमानी पर आये मालखरौदा के चुन्नु बरेठ पर बालिका का बहला फुसलाकर भगा ले जाने की शंका जाहिर किये थे। थाना जूटमिल में संदेही के विरूद्ध धारा 363 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा बालिका और संदेही का डिटेल निकलवाया गया, दोनों के मोबाइल बंद थे। 28 जून को थाना प्रभारी को दोनों के सिंदराबाद में होने की जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक से अनुमति प्राप्त कर पुलिस टीम तैयार कर बालिका और संदेही की पतासाजी के लिये तेलंगाना रवाना किया गया।



जूटमिल पुलिस द्वारा सिकंदराबाद के पेठ बशीराबाद क्षेत्र में बालिका और संदेही चुन्नु बरेठ को अभिरक्षा में लेकर थाना पेठ बशीराबाद लाया गया। बालिका के कथन, मेडिकल पर प्रकरण में धारा 366, 376 आईपीएस 4, 6 पॉक्सो एक्ट विस्तारित कर आरोपी चन्द्रभूषण उर्फ चुन्नु बरेठ पिता संतोष कुमार कर्ष उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बड़े सीपत, थाना मालखरौद, जिला सक्ती को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। जहां से आरोपित को जेल वांरट पर जेल दाखिल किया गया है।



गांवों में शिविर लगाकर लोगों की समस्या निराकरण करते अधिकारी।

## पहाड़ी कोरवाओं के लिए शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

महामहिम राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र और विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा के हितों के संरक्षण के लिए कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बगीचा ओंकार यादव व विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, बगीचा एमआर यादव के द्वारा ग्राम महुआ और छिछली (अ) विकास खण्ड बगीचा में आयोजित शिविर का संयुक्त रूप से अवलोकन किया गया। बैठक का मूल उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा हितग्राही परिवारों तक शासन के समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं को शत्-प्रतिशत पहुंचाना था।

शासन के इस महात्वाकांक्षी योजना को मूर्त रूप देने के लिए अतिरिक्त प्रयास की आवश्यकता है। इसलिए, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बगीचा ओंकार यादव द्वारा लगातार पहाड़ी कोरवा परिवारों का उनके ही ग्राम बसाहट में जाकर बैठक लिया जा रहा है। बैठक के माध्यम से पहाड़ी कोरवा परिवार के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्या से अवगत कराते हैं। चूंकि पहाड़ी कोरवा जनजाति अत्यंत पिछड़ी हुई है और क्षेत्र के दुर्गम स्थानों में वास करते हैं। इसलिए उनमें अपनी समस्याओं को बताने वे झिझक महसूस करने लगे थे। प्रशासन के प्रयासों से वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में आने लगे हैं जिससे प्रशासन को उनके हितों की सुरक्षा करने में आसानी हो रही है। शिविर के दौरान शामिल सभी लोगों को भोजन कराया गया। ग्रामीणों के साथ आये नन्हें मुन्हें बच्चों को बिस्किट वितरण किया गया। चर्चा के दौरान बरसात के मौसम का ध्यान रखते हुये स्वास्थ्य के प्रति विशेष सचेत रहने का सलाह दिया गया। नियमित रूप से भोजन पूर्व हाथ धुलाई करने के लाभ बताया गया। वर्षा ऋतु में पानी हमेशा उबालकर पीने का सलाह दिया गया ताकि मौसमी बीमारी डायरिया आदि से बचा जा सके। अति आवश्यक दस्तावेज यथा आधार कार्ड, ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड सभी हितग्राहियों का निःशुल्क बनाने का आश्वासन दिया गया। पलायन के संबंध में एस.डी.एम. महोदय द्वारा पलायन ना कर स्थानीय स्तर पर रोजगार कर जीवन यापन करने का अपील किया गया ताकि बच्चों का पढ़ाई लिखाई प्रभावित ना हो। आवश्यक रूप से लगाये जाने वाले टीके के लाभ से अवगत कराया गया और डायरिया के प्रारंभिक रोकथाम का उपाय बताया गया। इस संबंध में मौके पर पहाड़ी कोरवा मितानिन श्रीमती रूपमणी पहाड़ियि कर्तव्यनिष्ठ के साथ संवेदनशील होने के लिए को एक हजार रूपये नगद एवं प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह एसडीएम ओंकार यादव के ही प्रयासों का परिणाम है कि पहाड़ों, बीहड़ों और घने जंगलों में रहकर गुजारा करने वाले पहाड़ी कोरवा परिवार शासन प्रशासन पर भरोसा करने लगे हैं और प्रधानमंत्री जनमन शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा अपने कार्यालय में विकासखंड के सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं समिति प्रबंधकों का बैठक रखा गया था। बैठक में पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर कृषकों को विशेषकर पहुचाने का निर्देश दिया गया था साथ ही साथ ही अनुसुचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कृषक जो वंचित है उनको प्राथमिकता के आधार पर बीज व खाद उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया गया था। इस दृष्टिकोण से ग्राम महुआ में संपन्न बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण था व अपने लक्ष्य अनुरूप सफल रहा। बड़ी संख्या में पहाड़ी कोरवा परिवार बैठक में आए और एसडीएम को अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। एसडीएम बगीचा उपस्थित पहाड़ी कोरवा ग्रामीणों के साथ जमीन में ही बैठकर बैठक की कार्यवाही सम्पन्न किये, इससे समाज में शासन प्रशासन की सकारात्मक छवि बलवती हुई और उपस्थित ग्रामीणों ने बैठक कार्यवाही पर भरोसा जताया। एसडीएम ओंकार यादव ने उपस्थित पहाड़ी कोरवा परिवारों को भरोसा जताया कि शासन के समस्त योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है।

### आर्थिक अनियमितता का आरोप अमलडीहा की सचिव का निलंबन

**रायगढ़।** परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान ने कहा कि पंचायत के कार्यों में लापरवाही, भ्रष्टाचार और अनियमितता करने वाले शासकीय कर्मी और सरपंच के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसी कड़ी में जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के ग्राम पंचायत अमलडीहा के सचिव सावित्री चंद्रा द्वारा 15वें वित्त आयोग मूलभूत योजना पंचायत निधि की राशि से कराए गए निर्माण कार्यए पेयजल हेतु बोर खनन, स्थापित हैंडपंप खनन इत्यादि शासकीय अनुदान राशि का शासकीय नियमों आदेशों का अनदेखा करते हुए निजी आर्थिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से आर्थिक वित्तीय अनियमितता किया गया है।

### आंबा भर्ती के लिए दावा आपत्ति 10 तक

**सारंगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सारंगढ़ अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती के लिए 10 जुलाई तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया है। इसके अंतर्गत नगरपालिका सारंगढ़ अंतर्गत प्रचलित विज्ञापन अनुसार आंगनबाडी कार्यकर्ता पद हेतु आंगनवाडी केन्द्र.वार्ड कमांक 11/4 एव आंगनबाड़ी सहायिका हेतु आंगनबाडी केन्द्र वार्ड कमांक 11/4, विशालपुर वार्ड क 5 आंगनबाडी केन्द्र 5/3 जूनाडीह वार्ड क. 10 के रिक्त पद की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

## सरिया में सड़क किनारे लग रहे विद्युत पोल से नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

नगर पंचायत सरिया में करीब 68 लाख रुपए की लागत से नगर के मुख्य मार्ग पर विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें विद्युत पोल खंभा सड़क से लगकर लगाए जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

नियमों को दरकिनार करते हुए निर्माण कार्य किए जाने से नागरिकों में नाराजगी है। नगर पंचायत के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि इसके निर्माण पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। बताया जाता है कि नगर पंचायत सरिया की निविदा क्रमांक 1355 प्रारंभ से ही विवाद का कारण बना हुआ है। नियम विरुद्ध निविदा को पारित कर कार्य किए जाने से इसकी शिकायत जागरूक पार्षदों के द्वारा किया गया था। जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से आज एक बार फिर नगर पंचायत सरिया के जागरुक पार्षद शरद यादवए पार्षद गीता नेमचंद अग्रवाल, पार्षद सरस्वती राकेश डनसेना, पार्षद रेखा रूप डनसेना ने नगर पंचायत सीएमओ और उच्च अधिकारियों को पत्र देकर किया है। 68 लाख की लागत से हो रहा विद्युतीकरण कार्य नगर पंचायत कार्यालय के पास महात्मा गांधी चौक से लेकर भठली चौक तक करीब 30 विद्युत पोल खडा किया जि रहा है सरिया रायगढ़ व्यस्ततम मार्ग होने पर तथा विद्युत पोल खंभा सड़क से लगकर लगाए जाने से हमेशा दुर्घटना की आशंका होने की बात कही जा रही है।



जागरूक पार्षदों ने इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग सीएमओ नगर पंचायत सरिया से किया है। नगर पंचायत सरिया के पार्षद शरद यादव ने कहा कि 68 लाख रुपए की विद्युतीकरण प्रारंभ से ही भ्रष्टाचार का भेट चढ़ा है। जो अभी तक भ्रष्टाचार के दलदल में समाया हुआ है। जनता की गाड़ी मेहनत की कमाई का इस कदर बंदर बांट हो रहा है कि विद्युतीकरण योजना अधर में ही दम तोड़ देगा। खास बात है कि गुणवत्ताहीन कार्य होने से जहां विकास कार्य भ्रष्टाचार में बदल जाएगा। वहीं बिना डिवाइडर के सड़क किनारे सड़क से सटकर पोल लगाने से हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहेगा। क्योंकि सरिया रायगढ़ पुसौर मार्ग इतना व्यस्ततम मार्ग में बदल गया है कि आए दिन भारी वाहनों, दुपहिया वाहन, चार पहिया वाहनों विद्युत पोल से टकरा कर दुर्घटना हो सकता है।

**ADMISSION GUIDENS 2024-25**

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12th Bio&Maths |

**Gurukripa paramedical college** Nehru Chowk Bilaspur Mo.7000421146